# धान खरीदी केंद्रों में भर्रेशाही, धान तौलने किसानों से लिए जा रहे रूपये



**सतना।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जहां जिला प्रशासन ने व्यवस्था सुधारने की कवायद की है,वहीं मैदानी अमला इस पर पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। उचेहरा जनपद क्षेत्र के पतौरा वेयर हाउस में उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति कुलगढ़ी का बनाया गया है जिसमे किसानों द्वारा 40 किलो की बजाय 41 किलो 200 ग्राम अधिक धान तौल और हमालों द्वारा प्रति बोरी 5 से 10 रूपये धान तौलने के लिए पैसे मांगे जाने की जानकारी किसानों द्वारा दी गई है। किसानों ने बकायदे इसके वीडियो भी बनाए हैं। हालाकि ऐसे मामले बांधी मौहार,कोठी और जिले के अधिकांश उपार्जन केन्द्रों से सामने आए हैं।





### मजबूरी में रूपये दे रहे किसान

समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी के तहत उपार्जन केन्द्रों में किसानों के धान की तौलाई,भराई और सिलाई का कार्य कर्मचारियों द्वारा निःशुल्क किया जाता है। इसके लिए किसानों को किसी भी प्रकार की राशि देने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन धान खरीदी केंद्रों में इसके लिए 5 से 10 रुपए प्रति बोरे के हिसाब से लिया जा रहा है। हमालों द्वारा किसानों से पैसे की मांग की जाती है और पैसा नहीं मिलने पर काम अटका दिया जाता है जल्दी काम कराने और असुविधा से बचने के चक्कर में किसान पैसे दे रहे हैं।

### पैसे ना देने पर विवाद

पतौरा खरीदी केंद्र में धान लेकर पहुंचे कुलगढ़ी के किसान नागेंद्र कुशवाहा,सतेंद्र सिंह संजू,अमित सिंह कुलगढ़ी ने बताया कि उनसे तौल के लिए 5 रूपये बोरी और 41किलो 500 ग्राम धान ली गई है। वहीं पिथौराबाद गांव के जागरूक किसान स्वप्निल सिंह सोनू ने बताया कि वो अपनी धान लेकर पतौरा केंद्र में गए थे जहां पैसे मांगे जाने पर ना देने की स्थिति में कर्मचारी विवाद करने और काम अटकाने लगे।कर्मचारियों द्वारा पैसे लेने की मांग करते हुए उन्होंने अपने मोबाइल में वीडियो भी बनाया है और रूपये लिए जाने की जानकारी उचेहरा एसडीएम सुरेश बैक को भी अवगत कराया है।

### नान डीएम ने कहा पैसे मांगने वालों पर होगी कार्रवाई

मामले की जानकारी मिलने पर नागरिक आपूर्ति निगम सतना के जिला प्रबंधक दिलीप सक्सेना ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में तौलाई,भराई व सिलाई का कार्य समितियों द्वारा निशुल्क किया जाना चाहिए। इसके लिए किसानों को किसी को पैसे देने की आवश्यकता नहीं है किसी भी केंद्र में किसी भी काम के लिए किसानों से पैसे मांगने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उपार्जन केन्द्र में इस तरह की शिकायत पाई गई है जांच के बाद उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मैहर जिले के केन्द्रों में भी ऐसा ही हाल

इधर मैहर जिले के धान खरीदी केन्द्रो में दूर दराज के क्षेत्रों से आने वाले गरीब किसानों के द्वारा बिक्री किए जाने के लिए लाई गई को धान तौलाई के नाम पर लूटा जा रहा है। ऐसा ही मामला आज मैहर जिले कि कृषि उपज मंण्डी में मां शारदा वितरण केंद्र में देखा गया कि कर्मचारियों के द्वारा किसानों से धान तौलाई के नाम पर 09 रूपये प्रति क्विंटल कि दर से पैसा वसूला जा रहा है और नही देने वालों कि धान नही तौली जाती है। धान खरीदी केन्द्र में उपस्थित किसानों के द्वारा बताया गया कि धान तौलाई के नाम पर सभी किसानं से 09 प्रति क्विंटल रूपए वसुला जा रहा है। इसी प्रकार प्रशासन के आदेशों के बाद भी धान खरीदी केन्द्रो में किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत मैहर ने किया अपने आदेश को निरस्त

**मैहर।** जल जीवन मिशन के नल कनेक्शनों की आड़ में हो रही वसूली होने की खबर लगते ही जनपद पंचायत के द्वारा पूर्व में दिए गए आदेश को 19 दिसंबर को दूसरा आदेश जारी कर निरस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मैहर जनपद के अमले की भी सहयोगी भूमिका सामने आई,जिसमें गांवों में विरोध होने के कारण विवाद की स्थिति बनने लग गई थी जिसके चलते मैहर जनपद पंचायत के सीईओ ने पहले वसूलीबाजों के बचाव में सहयोग के लिए सरपंच-सचिवों को पत्र आनन फानन में जारी किया था लेकिन जब खेल बिगड़ा तो अब सीईओ जनपद मैहर ने 19 दिसंबर को जारी अपना आदेश निरस्त कर दिया है।

### मैहर जिले में आज निकलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा का रुट चार्ट

**सतना।** मैहर जिले में 21 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा विभिन्न विकासखंडों के ग्राम पंचायत क्षेत्रों का भ्रमण करेगी। जिनमें मैहर विकासखंड अंतर्गत घुनवारा,गोरइयाकला, महेदर,मतवारा,अमरपाटन विकासखंड अंतर्गत कुम्हारी,नौगवां तथा रामनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम दधीचटोला और हरई में विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार वाहन भ्रमण करेगा।

### उप निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कराने के निर्देश

**सतना।** नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। उप निर्वाचन के लिये विभिन्न कार्यों में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपेक्षा अनुरूप कार्य करने के लिये प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने संबंधित कलेक्टर्स को दिये हैं। श्री सिंह ने कहा है कि जिले में ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स (प्रशिक्षण) की नियुक्ति कर निर्वाचन के विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण करवाकर कार्य संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि प्रशिक्षण में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुति,संवीक्षा एवं प्रतीक आवंटन,ई.व्ही.एम. की कार्यप्रणाली एवं सीलिंग, मतदान दलों को सामग्री वितरण/वापसी मतदान दिवस की व्यवस्था, मतगणना की प्रक्रिया एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा से संबंधित विषय शामिल किये जायें।

### ईवीएम संबंधी कार्यों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मैहर रानी बाटड ने नगरीय निकाय और पंचायतों में रिक्त पदों के लिये होने जा रहे उप निर्वाचन कार्यक्रम के सुचारु संचालन के दृष्टिगत ईवीएम संबंधी कार्यों के लिये सहायक यंत्री सीएल साकेत को नोडल और उपयंत्री आकाश अग्रवाल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नियुक्त नोडल और सहायक नोडल अधिकारी समय-समय पर ईवीएम संबंधित कार्य संपादित करेंगे और निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर जानकारी अपडेट भी करायेंगे।

### ईवीएम मशीनों की एफएलसी 26 दिसंबर को

**सतना।** मैहर जिला अंतर्गत नगरीय निकायों और पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) में उपयोग होने वाली ईवीएम मशीनों की एफएलसी 26 दिसंबर को प्रातः10 बजे से तहसील कार्यालय मैहर स्थित पटवारी भवन में की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रानी बाटड द्वारा एफएलसी कार्य संपादित करने 24 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

# नगरीय क्षेत्रों में बिना लायसेंस खुले में मांस-मछली नहीं होगी विक्रय



**सतना।** कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड ने समय-सीमा प्रकरणों की बैठक के बाद एसडीएम,राजस्व एवं जिला विभाग प्रमुख अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में कहीं भी बिना लायसेंस और खुले स्थानों पर मांस-मछली का विक्रय नहीं होना चाहिए। नगरीय निकाय अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करायें। इसी प्रकार सार्वजनिक,धार्मिक स्थलों में ध्वनि यंत्रों के निर्धारित मानकों का पालन करायें। कलेक्टर ने कहा कि सभी नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत के अधिकारी खुले बोरवेल,अनुपयोगी बोरवेल तथा अन्य दुर्घटनाजन्य गड्ढ़ों की जानकारी एकत्र कर उसका संधारण करेंगे तथा नियमित मॉनीटरिंग भी करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम से जिला मैहर में जिला स्तरीय शांति समिति का गठन करने प्रस्ताव भी मंगाये हैं। इसके अलावा एलडीएम को जिला स्तरीय बैंकर्स समिति भी गठित करने के निर्देश दिए। स्थानीय निर्वाचन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर एवं स्थानीय जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नगर पंचायत रामनगर के पार्षद पद के होने जा रहे उप चुनाव और ग्राम पंचायतों में पंच पदों के चुनाव के लिए आवश्यक सेक्टर,मतदान केंद्र,मतदान दल इत्यादि के गठन का कार्य प्रारंभ करें। मतदान दलों की ट्रेनिंग करायें। कलेक्टर ने स्थानीय निर्वाचन की तैयारियों के लिए चुनाव से संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की एक बैठक21 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित करने के निर्देश दिए।

**हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी प्राचार्यों की बैठक आज**

मैहर जिला अंतर्गत हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से विवेकानंद महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक-14 मैहर में आयोजित की गई है। शैक्षणिक सत्र 2023-24, पठन-पाठन की स्थिति, वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में कलेक्टर रानी बाटड स्कूलवार समीक्षा करेंगी। प्राचार्यों को विगत दो वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के परीक्षा परिणामों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड केवायसी कर आशा के माध्यम से बटवायें: रानी बाटड

### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा



**सतना।** कलेक्टर रानी बाटड ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के आयुष्मान कार्ड हितग्राहियों को पीवीसी कार्ड केवायसी कराने के पश्चात आशा के माध्यम से तत्काल वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला स्तर की जनसुनवाई में अनुविभाग और ब्लॉक स्तरीय प्रमुख अधिकारियों को भी उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। मैहर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा कि जनसुनवाई और शिकायती आवेदन पत्रों के निराकरण से संबंधित आवेदक को भी अवगत कराने सूचना दी जानी चाहिए। बैठक में एसडीम सुरेश जादव मैहर,एसडीएम आरती यादव अमरपाटन और एसडीएम डॉ आरती सिंह रामनगर,जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम,सीएमएचओ डॉ एलके तिवारी,कार्यपालन यंत्री आरईएस अश्वनी जायसवाल,उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ प्रमोद शर्मा,एलडीएम गौतम शर्मा,तहसीलदार जितेंद्र पटेल सहित अनुविभाग स्तर के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि समय-सीमा के प्रकरण और जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण समय पर करें। लोक सेवा गारंटी के समय बाह्य प्रकरणों का निराकरण आज ही सुनिश्चित करायें,अन्यथा जुर्माने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा में कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा कि जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी यात्रा में लगी है,वह अनिवार्य रूप से यात्रा कार्यक्रमों में उपस्थित रहें। सभी गतिविधियां पूर्ण कर पोर्टल में फीडिंग की जानकारी प्रतिदिन 5 बजे तक सीईओ जनपद पंचायत को उपलब्ध करायें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान वंचित पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें। इसके साथ ही पूर्व से आयुष्मान कार्डधारियों में ग्रामीण क्षेत्रों के आयुष्मान कार्ड पीवीसी प्राप्त हुए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इन कार्डों की केवायसी करने के पश्चात आशा के माध्यम से घर-घर बटवायें। उन्होंने पशुपालकों,मत्स्यपालकों,दुग्ध संग्रहाकों तथा किसानों को जारी किए जाने वाले केसीसी कार्ड की समीक्षा भी की और एलडीएम को बैंकों में केसीसी के लंबित प्रकरण निराकृत करने को कहा। कलेक्टर मैहर ने कोर्ट में लंबित विभिन्न विभागों के रिट याचिका और अवमानना के प्रकरणों की समीक्षा में कहा कि सभी विभागों के प्रस्तुतकर्ता अधिकारी समय पर कोर्ट में उपस्थित होकर जवाब-दावा प्रस्तुत करें। शिक्षा और आदिम जाति कल्याण के छात्रावासों एवं मध्यान्ह भोजन तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित पोषण आहार की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।

## उप निर्वाचन की गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिये अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

**सतना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के घोषित कार्यक्रमानुसार जिले में निर्वाचन की गतिविधियां और आवश्यक कार्यवाहियां जारी हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने उप निर्वाचन के दृष्टिगत निर्वाचन कार्य के सुचारु संचालन और संपादन के लिये विभिन्न प्रकोष्ठ गठित कर नोडल,सहायक नोडल और कार्य सहायता के लिये कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। सभी प्रकोष्ठ के नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उप निर्वाचन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारीआदेशानुसार कार्मिक व्यवस्था,प्रशिक्षण दल,मतदान दल,सेक्टर ऑफिसर्स का प्रशिक्षण आयोजित करने प्रशिक्षण प्रकोष्ठ का नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ परीक्षित झाड़े को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार निर्वाचन संचालन प्रकोष्ठ के लिये अपर कलेक्टर,ईवीएम प्रकोष्ठ के लिये कार्यपालन यंत्री अश्वनी जायसवाल,मतदान केंद्रो पर मूलभूत सुविधा के लिये जिला शिक्षा अधिकारी, जोन सेक्टर प्रकोष्ठ के लिये प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्नालाल तिवारी,यातायात प्रकोष्ठ के लिये डिप्टी कलेक्टर लच्छराम जांगड़े,मतपत्र मुद्रण और निर्वाचन कर्मियों का मानदेय वितरण प्रकोष्ठ के लिये जिला कोषालय अधिकारी तोकानंद टेकाम,चुनाव सामग्री और शिकायत प्रकोष्ठ के लिये डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी,नाम निर्देशन,आईटी,सांख्यकीय प्रकोष्ट के लिये जिला योजना एवं सांख्यकी अधिकारी तथा चुनाव सामग्री वितरण और वापसी एवं सीलिंग प्रकोष्ठ के लिये संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण आज से नई दिल्ली में

**सतना।** प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त करने नई दिल्ली जाएंगे।उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को तीन अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 21 दिसंबर से प्रारंभ होगा और 29 दिसंबर तक चलेगा। जारी कार्यक्रमानुसार 21 एवं 22 दिसंबर को श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर ,दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, टीकमगढ़,छतरपुर,दमोह,पन्ना,सतना,रीवा, सीधी,सिंगरौली,सीहोर,खरगोन,राजगढ़,देवास और अनूपपुर,26 एवं 27 दिसंबर को उमरिया, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, भोपाल, बड़वानी, शाजापुर तथा 28 एवं 29 दिसंबर को खंडवा ,बुरहानपुर,कटनी,शहडोल,अलीराजपुर, झाबुआ,धार, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, सिवनी, मंदसौर,नीमच,आगर-मालवा,निवाड़ी,मऊगंज,मैहर तथा पांढुर्ना जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# मैहर जिले के गांवो में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**सतना।** शासन के निर्देशानुसार मैहर जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'जारी है। इसी क्रम में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा मैहर विकासखंड अंतर्गत नौगवां,खेरवासानी,सेमरा,रैगवां,अमरपाटन विकासखंड अंतर्गत भीषमुपर,देवरी जगदीशपुर तथा रामनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाबूपुर और बड़वार पहुंची। अमरपाटन के भीषमपुर और देवरीतगदीश के कार्यक्रम में जिला पंचायत की महिला बाल विकास समिति की सभापति तारा पटेल ने ग्रामीणजनों को शासन की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होने पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना जैसे अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ यात्रा रथ के स्वागत से किया गया। स्वागत उपरांत प्रधानमंत्री के संदेश एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा चलचित्र का प्रदर्शन किया गया। विकसित भारत का संकल्प मुख्य अतिथि महोदया द्वारा दिलाया गया। स्कूली बच्चो द्वारा धरती करे पुकार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थितजनों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने की शपथ भी दिलाई गई।

### ड्रोन से किया गया नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भीषमपुर और देवरी जगदीशपुर के किसानों के समक्ष फसल में ड्रोन से तरल उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों की कृषि उन्न्त तकनीकों के बारें भी जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### व्यय प्रेक्षक की अभ्यर्थियों के साथ बैठक 29 दिसम्बर को

**पन्ना।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 26वें दिन शुक्रवार, 29 दिसम्बर को सभी अभ्यर्थियों के साथ लेखा समाधान बैठक करेंगे। व्यय प्रेक्षक एक दिवस पूर्व पन्ना पहुंचेगे। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया को प्रेक्षक की संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए संपर्क अधिकारी बनाया गया है।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर को

**पन्ना।** आगामी 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर कलेक्टर कार्यालय के सभागार में सुबह 10.30 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों, पत्रकारगण, उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े सभी संगठन, उपभोक्ताओं और नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज का भ्रमण कार्यक्रम

**पन्ना।** जिले में गुरूवार, 21 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा विभिन्न विकासखंडों के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रमखिरिया, गहरा और भसूड़ा में यात्रा का भ्रमण होगा। इसी तरह विकसित भारत संकल्प यात्रा अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरदी और सिद्धपुर, गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पिपरवाह और हिनौती अमानगंज, पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कुम्हारी और पटनाकला तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरदुआ पटेल और बम्हौरी में पहुंचेगी।

### कोरोना के नये वैरिएंट जे.एन.वन. को लेकर नियंत्रण व प्रबंधन को लेकर गाईड लाईन की जारी

**पन्ना।** कोरोना को लेकर बीते समय की याद एक बार फिर सचेत करने के लिए समय से जिम्मेदारी का निर्वाहन सुनिश्चित दिशा को लेकर केन्द्र सरकार ने नये कोरोना वैरिएंट जे.एन.वन. के नियंत्रण के लिए गाईड लाईन राज्य सरकारों को जारी की है जिससे जिला स्तर पर सार्वजनिक एवं निजी स्वास्थ्य सुविधाओं की सक्रिय भागीदारी तैयारियों को लेकर सुनिश्चित हो वहीं आने वाले त्यौहारों को देखते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर बीमारी के बढ़ने के जोखिम को कम करने को लेकर जहां जिलेवार निगरानी की जाये जिसमें नियमित आधार पर स्वास्थ सूचना मंच पोर्टल सहित सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वासन संक्रमण मामलों की जिलेवार निगरानी की जाये। कोबिड 19 नियंत्रण को लेकर आर.टी.पी.आर. और एन.टी.जन की संख्या बढ़ाई जाये। पॉजिटिव नामूने जीनोम सीक्वोसिंग के लिए भारतीय एसएआरएस सीओबी-2 जीनोमिक्स कंसोटियम (आईएनएसएसीओजी) प्रयोग शालाओं में भेजने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि नये वैरिएंट यदि कोई हो तो उनका समय पर पता लगाया जा सके। इस तरह से जहां राज्यों को अपनी तैयारियों को लेकर मॉकड्रे में सभी सार्वजनिक एवं निजी स्वास्थ्य सुविधाओं की सक्रिय भागीदारी की क्षमताओं का भी जायजा लेना उचित माना जा रहा है। इस तरह से केन्द्र सरकार ने कोरोना के नये वैरिएंट जे.एन.वन के नियंत्रण व प्रबंधन के लिए गाईड लाईन जारी की है।

### जनसुनवाई में 74 आवेदन आये

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल कलेक्ट्रेट परिसर में नवीन कक्ष में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनसुनवाई में 54 आवेदन आये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित अन्य जिलाधिकारी सहभागिता निभाई।

# आरक्षकों पर कार्रवाई को लेकर धरना प्रदर्शन व ज्ञापन

**वाहन चैकिंग के दौरान सीट बैल्ट न लगाये जाने का चालान न कटवाना का विवाद पहले थाना स्तर तक फिर पहुंचा एस.डी.ओ.पी. जांच को लेकर अब धरना प्रदर्शन कर आरक्षकों पर निलंबन की कार्यवाही का दबाव सौंपा ज्ञापन**





सड़क हादसों में जब घटनायें घटती है तब भी पुलिस पर आरोप लगते है वहीं पुलिस आपकी सुरक्षा को लेकर दायित्व निभाती है। वाहन चैकिंग करने को लेकर जहां समझाईस देना वहीं चालानी कार्यवाही भी की जाती थी।

पन्ना।

विगत 11 दिसम्बर 2023 थाना क्षेत्र बृजपुर अंतर्गत की दास्ता जहां वाहन चौंकिग के दौरान वाहन क्रमांक-एमपी-19-सीबी-5832 डिजायर गाड़ी के चालक रविदेव मिश्रा द्वारा बिना सीट बेल्ट लगाये गाड़ी चलाने के मामले पर वाहन चैंकिग कर रहे पुलिस आरक्षकों ने जहां चालान काटने की बात कही तो मामला तू-तू मैं-मैं के चलते बिगड़ा वहीं पुलिस ने संबंधित चालक को थाना बृजपुर ले जाने की दिशा तय की। जिस पर चालान भी कटा चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जो कार्यवाही होना चाहिए वह तय की गई। वाहन चालक के पास पैसे न होने से दुकान पर पैसे फोन पे करके पैसे देकर चालक व उसके साथियों को पुलिस ने वापिस जाने दिया। फिर क्या था मामला तूल पकड़ा संबंधित आरक्षकों के खिलाफ दिनांक 12 दिसम्बर 2023 को वाहन चालक रविदेव मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया गया। जिस पर एसडीओपी अजयगढ़ के द्वारा जांच की जा रही है। वहीं मामला यही नहीं थमा जांच रिपोर्ट आना बांकी है फिर भी चालक रविदेव मिश्रा के समर्थन में पन्ना कलेक्ट्रेट पहुंचकर उनके समर्थकों के द्वारा जहां जातिगत अपमानित करने तथा लूट व मारपीट का आरोप लगाकर संबंधित पुलिस आरक्षकों के ऊपर निलंबन की कार्यवाही की मांग की जा रही है। वहीं यह मामला एस.डी.ओ.पी. अजयगढ़ के द्वारा जहां जांच में लंबित है मामले की सच्चाई व कार्यवाही को लेकर एडिशनल एस.पी. पन्ना से जानकारी लेने का प्रयास किया गया जिस पर मोबाईल द्वारा आपके द्वारा बताया गया कि संबंधित मामले में एस.डी.ओ.पी. अजयगढ़ द्वारा जांच की जा रही है जो भी तथ्य जांच उपरांत निकलकर सामने आते है। उस पर कार्यवाही की जायेगी। इस तरह से वाहन चैंकिग के दौरान का मामला आखिरकार थाना स्तर से एस.डी.ओ.पी. जांच अब धरना प्रदर्शन करते हुए एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा गया है। वहीं इतना ही नहीं मामले में संबंधित पुलिस आरक्षकों पर कार्यवाही जब तक नहीं होगी तब तक धरने से नहीं उठेगें यह बात भी बताई जा रही है। आखिर पुलिस के द्वारा वाहन चैंकिग करना किस तरह से हालात को लेकर यह मामला तूल पकड़ रहा हैं यह तो जांच के बाद ही सामने आयेगा। आखिर जिस तरह से पुलिस आरक्षकों पर लूट, मारपीट व जातिगत अपमानित करने का आरोप लगाया गया है वहीं इस घटना क्रम में मारपीट को लेकर क्या मेडिकल कराया गया या मेडिकल में संबंधित की रिपोर्ट क्या आयेगी कई तथ्य अपने आप में स्वयं ही पर्दाफास करेगें। देखना यह है कि पुलिस की कार्यवाही क्या वास्तविकता में चालान काटने तक की रही या कि जिस तरह से आरोप लगाये गये है क्या आता है सामने यह तो अब जांच के बाद ही जाना जायेगा।



# हर हाथ में हुनर एवं हर हाथ में काम - डॉ. एच.एस.शर्मा

### छत्रसाल महाविद्यालय में विकसित भारत /2047 पर परिचर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पन्ना।

महाविद्यालय में विकसित भारत/2047 आइडिया पोर्टल के शुभांरभ के संबंध में छत्रसाल शासकीय स्नातिकोत्तिर महाविद्यालय पन्नाा में 20.12.2023 को सशक्त भारतीय विषय पर संकाय सदस्योंआ एवं छात्रों के बीच परिचिर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। परिचिर्चा कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा ने छात्रों को केवल अपने पढाई पर केनद्रित होने का सुझाव दिया। तत्पयश्चासत महाविद्यालय के वरिष्ठो प्राध्यापिक डा. एस.पी.एस. परमार ने छात्रों को आदरणीय प्रधानमंत्री जी के 2047 के विजन के बारे में छात्रों को अवगत कराते हुये बताया कि हमारी जनसंख्याा हमारे लिए एक संपत्ति जैसा है। डॉ. उषा मिश्रा विभागाध्य क्ष इतिहास ने बताया कि एक समय था जब हम विकसित हुआ करते थे और अन्यए देश हमसे बहुत पीछे थे। उन्हो्नें फिर से विकसित देश बनाने के लिये छात्रों को प्रेरित किया। परिचर्चा कार्यक्रम में बी.एस-सी द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्या पाण्डेकय ने शिक्षा के अवसर में सभी वर्गो की समानता की बात रखी। अन्ता में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच.एस.शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि विकसित भारत होने के लिये आउटकम बेस्डा शिक्षा हो तथा हर हाथ में हुनर एवं हर हाथ में काम हों। हमारे हर नगरिक अन्य विकसित देशों की तरह नियमों का पालन करें खासकर पर्यावरण एवं सफाई के प्रति सचेत हों। परिचिर्चा कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वकयक डॉ. पुष्करर सिंह ने छात्रों को अवगत कराया कि वे महाविद्यालय में लगे हुये क्यूरआर कोड को स्कैंन करके विकसित भारत बनाने के लिये अपने विचारों को अवश्य रखे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यस एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित हुये।

# प्रभारी कलेक्टर ने गजना पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों का लिया जायजा





### ग्रामवासियों एवं लाभार्थियों से किया संवाद

पन्ना।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर संघ प्रिय ने आज जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत गजना पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों का जायजा लिया। इस मौके पर अधिकारियों से शिविर के बारे में जानकारी प्राप्त कर विभागीय स्टॉल और स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उपस्थित ग्रामवासियों एवं लाभार्थियों से संवाद कर यात्रा के दौरान क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान। साथ ही लोगों से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों सहित परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

प्रभारी कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य से अवगत कराया और ग्रामवासियों से अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, आयुष्मान भारत तथा पीएम उज्ज्वला योजना सहित शासन की अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी-कर्मचारी हितग्राहियों से प्राप्त आवेदन पर पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित करने की त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। किन्हीं कारणोंवश योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की स्थिति में आवेदक को अपात्रता का कारण भी बताएं।

कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही प्रचार वैन के माध्यम से योजनाओं और उपलब्धियों पर केनद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। क्विज प्रतियोगिता में स्कूली विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। उपस्थितजनों को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए शपथ भी दिलाई गई। साथ ही बाल विवाह नहीं करने और बाल विवाह की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प भी दिलाया गया।

### ड्रोन प्रदर्शन के जरिए किया जागरूक-

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले के जिन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उन ग्राम पंचायतो में ड्रोन के माध्यम से तरल नैनो यूरिया, डीएपी खाद एवं कीटनाशक दवाओ का छिड़काव करने की अपील भी किसानों से की जा रही है। ग्राम गजना में भी ड्रोन की नई तकनीक से खेतों में छिड़काव का प्रदर्शन कर किसानों को जागरूक किया गया। ड्रोन विधि से छिड़काव करने पर कम समय में अधिक क्षेत्र में छिड़काव सुगमता से किया जा सकता है, जिससे किसानों की लागत में कमी आएगी एवं खाद का समान मात्रा में पूरे खेत की फसल पर छिड़काव किया जा सकता है। ड्रोन द्वारा छिड़काव करने पर मजदूरों की समस्या नहीं रहेगी। साथ ही छिड़काव करते समय मजदूरों को होने वाले नुकसान से भी बचा जा सकेगा। ड्रोन की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारियां विभागीय अधिकारियों के द्वारा किसानों को दी गईं।

### मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम में साझा किए अनुभव

विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधि अंतर्गत मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हितग्राहियों ने योजनाओं के लाभ से जीवन और सामाजिक स्तर में आए बदलाव के बारे में अपने अनुभव भी साझा किए। साथ ही अन्य लोगों से भी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पहले कच्चे मकान में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब पक्का मकान बन जाने से परिवार के सभी सदस्य खुश हैं। इसी तरह पीएम किसान सम्मान निधि के हितग्राही सतेन्द्र दुबे ने बताया कि पहले छोटी जरूरत के लिए साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था, लेकिन अब छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति भी किसान सम्मान निधि से किश्तों में मिलने वाली राशि से आसानी से पूरी हो जाती है।

## छत्रसाल आवासीय विधापीठ की बाउंडरी वाल व वाचनालय का लोकार्पण

# सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ सनातन संस्कार प्रदान करते हैं: पारधी





पन्ना।

विद्या भारती के मध्य क्षेत्र के सह संगठन मंत्री डॉ आनंद राव पारधी एवं संत अयोध्या दास जी महाराज के कर कमलों से सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरुषोत्तमपुर पन्ना की सांसद निधि से प्रदत राशि के द्वारा नवनिर्मित बाउंडरी वाल का लोकार्पण समारोह सम्पन्न हुआ। मंत्र उच्चारणों एवं वैदिक विधि के द्वारा पूज्य अरुण गंगेले द्वारा विधि विधान से कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इसके पश्चात विधायक निधि से प्रदत राशि द्वारा अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ववलन तथा अतिथि परिचय के साथ किया गया।इस दौरान निर्माण कार्य मे लगें सभी श्रमिको को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ आनंद राव ने कहा कि सरस्वति शिशु मंदिर विद्यालय मे पढने वाले बच्चो को शिक्षा के साथ साथ सनातन संस्कृति एवं संस्कारो को प्रदान करते है। जिससे उक्त बच्चे आंगे चल कर समाज को ऐक नई दिशा देने का कार्य करते है। सरस्ती शिशु मंदिर मे मुफ्त रूप से शिक्षा एवं संस्कार दिये जाते है तथा समाज के गरीब वर्ग के बच्चो को बराबर का अवसर प्रदान करते है। इस अवसर पर मंचासीन लक्ष्मीकांत शर्मा प्रांत समरसता प्रमुख एवं शिवानंद सिंहा सह प्रांत प्रमुख विद्या भारती भी रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन समिति के वरिस्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चन्दपुरिया ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम में सतना विभाग के विभाग कार्यवाह रमेश पटेल विभाग समन्वयक हरिराम तिवारी छतरपुर जिला सचिव मणिकांत गुप्ता जिला सचिव पन्ना पंकज गुप्ता जिला संयोजक हिन्दू जागरण लालू शर्मा नगर कार्यवाह शैलेन्द्र चंदेल पत्रकार एकता मंच के जिला अध्यक्ष शिवकिशोर पांडेय सुशांत चौरसिया अमित राठौर रिंकू तिवारी सरस्वती शिशु मंदिर समिति के वरिस्ठ सदस्य छोटेलाल साहू राजेश गौतम धर्मेंद्र नामदेव सचिन जैन सुरेश शिवहरे अशोक गुप्ता मनोज ओमरे इंद्रपाल सिंह देवेश शर्मा आशु जैन प्रगति पटेरिया अमर सिंह देवेंन्द्र यादव अरुण शर्मा मनीष शर्मा वार्ड पार्षद अप्पो मजूमदार नन्दिनी गौर कांति अहिरवार आदि। कार्यक्रम का सफल संचालन व्यवस्थापक इंजीनियर योगेन्द्र भदौरिया द्वारा किया गया।

# गायों की सुरक्षा व जीवन की खुशहाली को लेकर क्या नई सरकार की मुखिया से भावी दिशा तय होगी

पन्ना।

प्रदेश में जहां डॉ. मोहन यादव की सरकार सत्ता में अब प्रदेश को आगे खुशहाली की दिशा के लिए जानी जायेगी। तो क्या गायों के बसेरा व गुजारा तथा गौशालाओं के निर्माण पर क्या होगी दिशा तय।



वर्तमान समय में गौमाता को लेकर बाखूबी सभी जानते है कि आये दिन सड़क हादसों का शिकार हो रही है तो वहीं खुले आसमान में गुजारा करने के लिए प्रकृति में ठण्ड हो या बरसात आये दिन असमायिक काल-कवलित होना सामने आता है। गौशालाओं के निर्माण को लेकर भी राशि व्यय की गई गौशालाओं में कितनी बनी कितनी गायों को रखा जा रहा है। वहीं अभी भी कितनी गौशालाओं की जरूरत या गायों की खुशिहाली को लेकर आगे सत्ता में डॉ. मोहन यादव के सीएम बनने के बाद क्या अब गायों को लेकर जहां गुजारे के लिए क्या प्रयास किये जायेगें इसको लेकर सवाल भावी समय के लिए जाना जा रहा है। आखिर क्या गौपालकों से सीधे सरकार जानने चाहेगी कि कब तक गौपालक अपनी गाय की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार है। आखिर दूध देने तक ही गाय की सुरक्षा क्यों। इसके बाद खुले आसमान में आवारा क्यों छोड़ दी जाती है गायें। जहां आये दिन सड़क हादसे या ठण्ड तथा अन्य कारणों से असमायिक हादसों का शिकार होती है। कहने को तो गाय हमारी माता है फिर गाय को इस तरह से छोडने के पीछे क्या कारण है। क्या सरकार गायों की खुशिहाली को लेकर दिशा तय करेगी। वर्तमान में जहां अब डॉ. मोहन यादव की सरकार है जबकि इतिहास साक्षी है कि गाय हमारी जीवन में किस तरह से जानी गई है। वहीं आज गायों को लेकर क्या हालात है देखना यह है क्या इस पर सरकार कुछ पहल करेगी जिससे गायों की सुरक्षा की दिशा जानी जाये।

# कर्मचारियों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर शोक सभा की आयोजित

पन्ना।

संयुक्त स्वास्थ्य कर्मचारी संघ पन्ना के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। शाहनगर में पदस्थ लैब टेक्नीशियन श्रीकांत तिवारी का सड़क दुघर्टना में विगत दिनों आसमयक दुखद निधन एवं अमरकोट सागर में पदस्थ श्रीमती प्रेम परमार ए एन एम का हृदय गति रुक जाने से देवलोक गमन हुआ। जिसमें पूरे स्वास्थ्य कर्मचारीयो में शोक की लहर छा गई दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए शोक



सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में डॉ. जेपी आर्य चिकित्सा अधिकारी, नरेंद्र तिवारी जिला अध्यक्ष संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ नरेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष नियमित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सलीम खान जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सजनीश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मुकेश सिंघ प्रदेश संयोजक सपोर्ट स्टाफ कर्मचारी संघ दिनेश केवल, केके साहू, सरस्वती सिंगरौली, सौरभ गंगले, आशीष खरे, अखिलेश श्रीवास, मिथुन खटीक महिमा, सौरभ, ऊषा वर्मन रतिराम प्रजापति, श्याम प्रताप, आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे घायल अवस्था में मिला युवक, इलाज के दौरान मौत

**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत महोबा रोड पर ग्राम हमा के समीप बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ था और पास में ही क्षतिग्रस्त साईकिल पड़ी थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं मृतक आसपास के किसी गांव का रहने वाला होगा और साईकिल से जा रहा होगा, इसी दौरान किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया और बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पंकज शर्मा खजुराहो, सिद्धार्थ शर्मा राजनगर थाना प्रभारी बनाए गए

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने खजुराहो और राजनगर थानों के प्रभार में परिवर्तन किया है। राजनगर थाना प्रभारी पंकज शर्मा को खजुराहो की जिम्मेदारी दी गई है वहीं सिद्धार्थ शर्मा को राजनगर भेजा गया है।

### आज विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**छतरपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा छतरपुर जिले के सभी आठ विकासखण्डों में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से एक ओर जहां योजनाओं और विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी जन जन तक पहुंच रही है वहीं लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही विभागीय योजनाओं का लाभ देने स्टॉल लगने से पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में 21 दिसंबर को यात्रा सोलह ग्रामों में पहुंचेगी। दादूताल, कैथेहा, सड़वा, धनगुवां, मिड़का, बम्हौरी, कुशमाढ़, गढ़ीसेमरा, जखरौनकला, नारायणपुरा, ढिलापुर, रामपुर, बिला, हकीमपुरा, दिलनियां एवं ढिगपुरा शामिल है।

### डॉक्युमेंट्री प्रतियोगिता में शामिल होकर दो लाख जीतने का मौका

**छतरपुर।** संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय - मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश की विपुल पुरासम्पदा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रदेश की सांस्कृतिक एवं पुरातत्वीय विरासत पर डॉक्युमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को उनके द्वारा निर्मित डॉक्युमेंट्री फिल्म पर चयनित कर रुपये 50 हजार से लेकर रुपये दो लाख रूपए तक के नगद पुरस्कार के साथ भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान दिये जायेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभागीय वेबसाईट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर विभागीय ई-मेल या पेन ड्राइव के माध्यम से संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, बाणगंगा मार्ग, भोपाल, म.प्र. को भेजना होगा। तथा डॉक्युमेंट्री फिल्म का सायनॅप्सिस (सारंश) जमा करना होगा। सारंश जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 31 दिसम्बर 2023 है। उक्त प्रतियोगिता में पुरातात्विक स्मारकों, संग्रहालयों के संबंध में 11 इन्टरप्रिटेशन सेन्टर तथा 22 स्मारकों चयन किया गया है जिसपर 2 - 5 मिनट की डॉक्युमेंट्री फिल्म का निर्माण करना होगा। इंटरप्रिटेशन सेंटर में प्रदेश के 11 स्थानों में महाराजा छत्रसाल संग्रहालय धुबेला भी शामिल है।

---

**समिति प्रबंधक द्वारा गरीब जनता की 3 माह की काटी जाती रसीद, राशन 1 माह का देते?**

# समिति प्रबंधक लोकेंद्र सिंह द्वारा गरीबों के मुंह का निवाला छीनकर ब्लैक में बेचने के आरोप

**छतरपुर।** जिले में केंद्र और प्रदेश सरकार की सबसे बड़ी महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीब लोगों के लिए चलाई जा रही। राशन योजना में अनगोर सोसायटी में बड़ा घोटाला है। योजना में समिति प्रबंधक द्वारा घोटाला करके गरीबों के मुंह से निवाला छीन रहे हैं। राशन न मिलने को लेकर स्थानीय लोग जिले के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी राशन माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नही होती।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाए कि अशोक साहू राशन डीलर के यहां राशन लेने जाते हैं, तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। बोरिया और झोले फेंकते हुए राशन देने से मना कर दिया जाता है। कई बार चक्कर लगाने के बाद जब राशन देते भी हैं, तो तौल-माप में कम राशन देते हैं। कहते हैं इतना ही राशन मिलेगा।








### अनगोर सोसायटी का है पूरा मामला -

अनगोर सोसायटी में समिति प्रबंधक लोकेंद्र सिंह का जबरजस्त बोलबाला है। सेल्समैन के स्थान पर किराए के लोगों से काम करवाते है। स्थानीय अशोक साहू पर लोगो ने आरोप लगाए है कि राशन की पर्ची दबाब बनाकर हर माह काटी जाती है, लेकिन राशन 2-3 माह तक नही दिया जाता है। कुछ करीबी लोगों को राशन मिलता भी है, तो आधा अधूरा मिलता है। अशोक साहू सहायक विक्रेता ने बताया कि जैसा समिति प्रबंधक करवाते है, वैसा हम लोग करते है।

काशीराम कुशवाहा जनपद सदस्य अनगोर ने बताया कि मैंने कमिश्नर, कलेक्टर को फोन लगाकर बताया और लिखित शिकायत की उसके बाद भी अनगोर समिति प्रबंधक लोकेंद्र सिंह के ऊपर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। यहां पर 20% लोगों को राशन आधा अधूरा दिया जाता है। और सभी राशन समिति प्रबंधक लोकेंद्र सिंह द्वारा ब्लैकमेल में अधिकारियों से सांठ गांठ कर बेच दिया जाता है। इस ब्लैक में बेचे गए राशन से जिले के आला अधिकारियों को नजराना दिया जाता है, जिससे आज दिनांक तक जिले के आला अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। जिससे लोकेंद्र सिंह समिति प्रबंधक का समिति क्षेत्र में जबरदस्त बोल वाला है।

### समिति प्रबंधक लोकेंद्र का गांव में बोल बाला -

नोटः इस समाचार के साथ फोटो 03 लगाएं।

समिति प्रबंधक लोकेंद्र सिंह का समिति क्षेत्र में इतना ज्यादा दबदबा और बोलबाला है, कि कभी कभार ही समिति में और गांव में लोकेंद्र सिंह के दर्शन जनता को हो पाते हैं। गांव की गरीब जनता कुछ भी बोलने में असमर्थ है। इतना ही नहीं इस गरीब जनता का समिति प्रबंधक के भाड़े के लोगों द्वारा हर माह दबाव बनाकर राशन की पर्ची काट दी जाती है और गरीब जनता को राशन नहीं मिलता है। तीन-चार माह के बाद जब कभी राशन मिलता है, तो समिति प्रबंधक द्वारा इन लोगों से कहा जाता है कि अपनी रसीद लेकर आओ, जिसमें गांव के अधिकतर लोगों की रसीद गुम हो जाती है। समिति द्वारा आधे अधूरे उन्हीं लोगों को राशन दिया जाता है, जो समिति के अनुसार चलते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार हिम्मत जुटाकर जिले के अधिकारियों से लिखित शिकायत की। उसके बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। समिति प्रबंधक लोकेंद्र सिंह को जब पता चला इन लोगों ने राशन को लेकर शिकायत की है, तो लोगों को राशन देना ही बंद कर दिया है। कन्हैया लाल कुशवाहा ने बताया कि 3 माह से राशन नही मिला।

### इनका कहना है -

मेरे पास स्थानीय अनगोर ग्रामीण ने फोन करके राशन काला बा, और न मिलने की शिकायत की थी, मैंने तत्काल बिजावर एसडीएम को कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए हैं।

**संदीप जी.आर.**
**कलेक्टर, छतरपुर**

उक्त मामले में कलेक्टर सर का फोन आया था, मैं कार्यालय के काम से बाहर गया था। इस वजह से कार्रवाई आज नहीं हो पाई। कल इस मामले पर उचित कार्रवाई कर कलेक्टर सर को अवगत कराया जाएगा।

**विजय द्विवेदी**
**एसडीम, बिजावर**

---

# लीड इंडिया, राघवेंद्र फैंस क्लब, अभय यादव फैंस क्लब, महाकाल क्रिकेट ने जीते मुकाबले

**महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवे दिन हुए 5 मैच**

**नौगांव।** शहर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में मेला महोत्सव के तहत खेले जा रहे 68 वें महाराजा छत्रसाल लोकल मेला क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को पहला मुकाबला लीड इंडिया और स्टार इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें स्टार इलेवन टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6ओवर में 5 विकेट पर 21 रन बनाए। 22 रनों के जवाब में जीत के इरादे से उतरी लीड इंडिया के बल्लेबाजों ने आक्रमक खेल दिखाते हुए 2 ओवर में लक्ष्य की प्राप्ति करते हुए 9विकेट से मैच जीत लिया। दिन का दूसरा मुकाबला आजाद क्रिकेट क्लब और राघवेंद्र सिंह फैंस क्लब के मध्य खेला गया। आजाद क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 52 रन का स्कोर खड़ा किया। 52 रनों के जवाब में बैटिंग करने उतरी राघवेंद्र सिंह फैंस क्लब ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में ही 55 रन जोड़ डाले और इस तरह से राघवेंद्र सिंह फैंस क्लब ने 8 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। दिन का तीसरा मुकाबला बालाजी प्रॉपर्टी एवं द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया।



जिसमें द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 35 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बालाजी प्रॉपर्टी भी निर्धारित 6 ओवर में 35 रन तक के स्कोर तक पहुंच पाई जिससे यह मैच टाई हो गया। मैच टाई होने के बाद आयोजन समिति ने सुपर ओवर कराने के फैसला किया। सुपर ओवर में द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने यह मुकाबला जीत लिया।

मीडिया प्रभारी अभिषेक टीनू पटैरिया ने बताया कि चौथा मुकाबला अभय यादव फैंस क्लब और नपा कर्मचारी इलेवन के मध्य हुआ। जिसमें अभय यादव फैंस क्लब में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते जाए निर्धारित 6 ओवर में 60 रन ठोक दिए। 60 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नपा इलेवन की टीम निर्धारित ओवर में 31 रन ही बना सकी जिसके चलते अभय यादव फैंस क्लब ने 29 रनों से यह मैच अपने नाम कर लिया। दिन का पांचवा और अंतिम मुकाबला एसके मॉर्निंग टाउन एवं महाकाल क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें एसके मॉर्निंग क्लब ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी महाकाल क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 6 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 74 रन बनाए। जीत के इरादे से उतरी एसके मॉर्निंग टाउन निर्धारित 6 ओवर में 38 रन ही बना सकी। जिसके चलते महाकाल क्रिकेट क्लब ने 36 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। मैचों में अंपायर की भूमिका में पहले मैच में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर संजीव साहू और लेग अंपायर इसराज कुरैशी रहे। दूसरे मैच में निर्णायक अंपायर यशवंत सिंह और लेग अंपायर मयंक अग्रवाल रहे। इसी तरह तीसरे मैच में मैन अंपायर की भूमिका में विनीत रावत और लेग अंपायर की भूमिका अंकित पाटकर ने निभाई। चौथे मुकाबले में मेन अंपायर संदीप साहू और लेग अंपायर अभिषेक सोनू साहू रहे जबकि मैचों में स्कोरर, कमेंट्रेटर में राजपाल सिंह राजपूत, मनोज कुशवाहा, और अरशद इकबाल रहे।

---



# आदेश होते ही स्वेच्छा से उतरने लगे लाउड स्पीकर

**एसडीएम ने धर्मगुरूओं की ली बैठक, आदेश पर की चर्चा**

**छतरपुर।** प्रदेश का मुखिया बदलते ही परिस्थितियों में बदलाव देखने को मिल रहा है। नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुर्सी संभालते ही पहला आदेश जारी किया कि तेज आवाज में बजने वाले लाउड स्पीकर धार्मिक स्थलों से हटाए जाएं, आदेश का पालन भी शुरू हो गया है। मुस्लिम धर्म के कई मस्जिद प्रभारियों ने स्वतः ही लाउड स्पीकर हटा लिए हैं। वहीं संकट मोचन मंदिर से भी स्वतः लाउड स्पीकर निकाल लिए गए। कोतवाली में एसडीएम बलवीर रमण ने मस्जिद प्रभारियों की बैठक ली और उन्हें मुख्यमंत्री के आदेश से अवगत कराया। सभी प्रभारियों से कहा गया कि वे लाउड स्पीकर निकाल लें। प्रभारियों ने आदेश के पालन में लाउड स्पीकर निकाले जाने पर सहमति जताई। पूर्व में तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पटवारियों द्वारा विभिन्न धार्मिक स्थानों से लाउड स्पीकर हटवाए गए।

---

# फिल्म महोत्सव के मंच से गूंजी बुन्देली



**खजुराहो।** श्री देवी को समर्पित 9वें खजुराहो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में चौथे दिवस बुन्देली कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। इसके बाद बॉलीवुड हस्तियां सुष्मिता मुखर्जी, मनीष वाधवा, एमके रैना, नेहा गर्ग, विजय कश्यप, अमोघ भट्ट, केशव राय, सुरेश शर्मा जैसे कलाकारों को मंच से सम्मानित किया गया। वहीं बॉलीवुड एक्टर मनीष वाधवा ने गदर 2 के डायलॉग से लोगों का खूब मनोरंजन किया। ललितपुर से आए रामकिशोर मुखिया एवं ग्रुप द्वारा भगवान गणेश और माता शारदा को अपने गीत गायन से नमन किया। इसके बाद उनकी ओर से लोकगीत के माध्यम से मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की पूरी सीमा में मौजूद पूरे बुंदेलखंड के संपूर्ण पर्यटन क्षेत्र का व्याख्यान करते हुए जटाशंकर, भीमकुंड, दर्शनीय स्थलों को लोकगीत में पिरोया गया। बुंदेलखंड के सूरवीरों की वीरता में चंदेलो के खजुराहो मंदिर, महोबा के आल्हा ऊदल, तो वही झांसी के रानी लक्ष्मी बाई की वीरता को याद किया। दूसरी प्रस्तुति कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी भिवानी हरियाणा के ग्रुप के 15 कलाकारो की प्रस्तुति हुई। इनके ओर से हरियाणा के परिवेश के साथ पूरे महोत्सव को फागुन के रंग में घोलने का प्रयास किया गया। जिसके दर्शको की खूब तालियां बटोरी। महोत्सव की तीसरी प्रस्तुति गोकुल चौधरी फोक डांस ग्रुप 15 जिसमें उनके की ओर से राजस्थान परिवेश के सुप्रसिद्ध घूमर नृत्य बेहद ही शानदार प्रस्तुति दी गई। उल्लेखनीय है कि खजुराहो में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 22 दिसंबर तक जारी है, जिसमें रोजाना छोटे और बड़े पर्दे कुछ फिल्मी सितारे खजुराहो पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक राजा बुंदेला ने बताया कि प्रयास प्रोडक्शन की ओर से इस बार पांच टपरा टॉकीजों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें देश- विदेश की 600 फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

---

# अनहोनी का भय दिखाकर चार बदमाश ले गए जेवर

### वृद्ध महिला सुबह निकली थी घूमने, पॉश इलाके की घटना

**छतरपुर।** सुबह-सुबह सैर करने निकली महिला को चार बदमाशों ने घेर लिया और उसे अनहोनी का भय दिखाकर उसके जेवर उतरवा लिए। चंद मिनिट में घटना को अंजाम देकर बदमाश मौके से भाग गए। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना कोतवाली को दी। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक बर्तन व्यवसायी मनोज असाटी की मां पार्वती असाटी सुबह घूमने के लिए निकली थीं। करीब पौने सात बजे चौक बाजार के पास मोटर साईकिल में आए दो लोगों और दो पैदल लोगों ने श्रीमती असाटी को रोका और उनसे कहा कि आपके घर अनहोनी की आशंका है इसलिए आप अपने जेवर उतारकर दे दीजिए। बदमाशों की बातों में आकर उन्होंने सोने की एक जंजीर, चार चूड़ियां व तीन अंगूठियां उतारकर बदमाशों को थमा दीं। इस पूरे जेवरात की कीमत करीब 6 लाख रूपए आंकी जा रही है। जैसे ही महिला लूट का शिकार हुई और उसे होश आया कि उसने जान-बूझकर कुछ गलती की है तो तुरंत परिवार को घटना बताई। परिवार के सदस्यों ने कोतवाली में सूचना देकर मदद मांगी है।




---

# राजस्व कार्यों में रूचि न लेने वाले पटवारियों पर सख्त कार्यवाही करें : कलेक्टर

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. ने व्हीसी के माध्यम से जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा में कम प्रगति वाले दो तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी एसडीएम निर्देश दिये कि ऐसे पटवारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करे, जो राजस्व संबंधी कार्यों में रूचि नहीं ले रहे है या जिनकी प्रगति कम है। बैठक में अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम छतरपुर बलवीर रमन सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख शामिल हुए। कलेक्टर श्री जी.आर. ने मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना नगरीय एवं ग्रामीण में प्रगति लाने के निर्देश दिये। जिससे आवासहीनों को भूमि के पट्टे दिये जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को उपयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुसार ही हो। इसीतरह बिना लायसेंस व खुले में मांस एवं मछली विक्रय नहीं हो। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शेष रहे किसानों के ई-केवायसी और आधार सीडिंग कराने के निर्देश भी दिये।

---

# कटरिया में उपार्जन केंद्र बनाने हेतु भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर ने तहसील ढीमरखेड़ा के स्थानीय कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम कटरिया में पृथक से उपार्जन केन्द्र स्थापित करने हेतु संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग म.प्र. भोपाल को प्रस्ताव भेजा है। कलेक्टर द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि उक्त उपार्जन केन्द्र हेतु पात्र संस्था का अभाव है, फलस्वरूप स्थानीय कृषकों की मांग एवं उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये उपार्जन नीति के प्रावधानों के तहत सामान्यतः एक पात्र सहकारी समिति दवारा अधिकतम दो उपार्जन केन्द्र का संचालन किया जा सकेगा, इस व्यवस्था से भी जिले में आवश्यकतानुसार उपार्जन केन्द्र खोलने हेतु पात्र संस्थाएं उपलब्ध न होने पर उपार्जन संस्था की लिखित सहमति तथा जिला उपार्जन समिति के प्रस्ताव के आधार पर संचालक, खाद्य के अनुमोदन से विकासखण्ड स्तरीय विपणन सहकारी संस्थाओं को दो से अधिक उपार्जन केन्द्र का कार्य सौंपा जा सकेगा।

कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की सहकारी संस्थाओं को दो से अधिक उपार्जन केन्द्रों का कार्य न सौंपा जाए के प्रावधान में आंशिक छूट प्रदान करने का आग्रह करते हुए जिले की विशेष परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति खमतरा को तृतीय उपार्जन केन्द्र के तौर पर संचालन की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में तहसील ढीमरखेड़ा स्थानीय कृषकों तथा जनप्रतिनियों द्वारा ग्राम कटरिया में पृथक से उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जाने की गई मांग के आधार पर कलेक्टर ने प्रस्ताव भेजा है।

## खबर संक्षेप

### योजनाओं की पूर्ति समय सीमा में करें कलेक्टर

**मऊगंज** कलेक्टर मऊगंज ने टीएल बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने विभागीय लक्ष्य की पूर्ति समय सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलायें एवं तथा योजनाओं के प्रकरण बनाकर बैंकों में प्रेषित करें तथा ऋण प्रदाय की कार्यवाही कराई जा सके। कलेक्टर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपूर्ण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें तथा अप्रारंभ कार्यों को तत्काल प्रारंभ करायें। उन्होंने मऊगंज जिले में पूर्व के कार्यो व योजनाओं की स्थिति तथा जिला निर्माण के उपरांत अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नये जिले मऊगंज में सभी कार्य प्राथमिकता से हो, योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले यह सभी का दायित्व है। बैठक में अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन से मिलेगा नल से जल

**मऊगंज** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले भर में आयोजित की जा रही है मऊगंज जिले के मऊ बगदरा में आयोजित संकल्प यात्रा में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से केंद्र सरकार की प्रमुख विकास योजनाओं की जानकारी दी गई शिविर में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने आम जनता की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को आवेदन पत्रों के निराकरण का निर्देश दिए आम जनता से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मऊगंज जिले के लिए जल जीवन मिशन से बाणसागर बृहद समूह नल जल योजना मंजूर हो गई है। इस योजना का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है आगामी वर्ष के अंत तक जिले के अधिकांश गांव में जल जीवन मिशन से नल से जल पहुंच जाएगा इसके लिए टंकियों के निर्माण, पाइपलाइन बिछाने तथा अन्य निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहे हैं। नल जल योजनाओं का कार्य पूरा होते ही जिले में पेयजल की समस्या का पूरी तरह से निदान हो जाएगा।

### चिकित्सा महाविद्यालय खोलें जाने की मांग

**मऊगंज** जिले केसामाजिक कार्यकर्ता गणो व विधिवेत्ता गणों ने चिकित्सा महाविद्यालय खोलें जाने की मांग प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव से करते हुए अविलंब उचित पहल करने की विनम्र गुज़ारिश की है, उक्त मांग करने वालों में अध्यक्ष प्रदीप सिंह सेंगर रकरी व वरिष्ठ अधिवक्ता शिव शंकर मिश्र बरहटा, अधिवक्तागण ममनून सिद्दीकी, धीरेन्द्र, चंद्रभूषण पांडे, सांनत विश्वकर्मा, रावेंद्र तिवारी, उमेश मिश्रा एंव सामाजिक कार्यकर्ता गणो में बालकृष्ण दुबे, बसंत मिश्र, सी एम सिंह,नरेन्द्र सिंह, हरिहर शुक्ल,रमेश सिंह, उमा गुप्ता,संतोष मिश्रा,दिनेश यादव बरहटा आदि लोगो ने मऊगंज में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की मांग की है व इस हेतु मुख्यमंत्री मोहन यादव से अविलंब हस्तक्षेप करने की गुज़ारिश की है।

### बड़ागांव में धान खरीदी केंद्र न खुलने आक्रोशित

**रीवा ।** धान बिक्री को लेकर सेमरिया विधानसभा के ग्राम बड़ागांव सहित आसपास ग्रामीण चिंतित है। प्रशासन द्वारा वर्ष 2023 में खरीदी केंद्र निर्धारित करने पर फेर बदल कर दिया गया। बड़ागांव के साथ स्थान पर वहां से लगभग 30 किमी दूर बभनी गांव में खरीदी केंद्र खोला गया है। जहां किसानों को आने-जाने में असुविधा होने के साथ ही दो-दो, तीन-तीन दिन का बसेरा करना पड़ जाता है। किसानों की पीड़ा को भांपते हुए वार्ड क्रमांक 7 के जनपद सदस्य सीमेश दीपक सिंह ने प्रशासन की नीति के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। बुधवार के दिन जनपद सदस्य सीमेंश दीपक सिंह लगभग दर्जन भर क्षेत्रीय किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपते हुए सेमरिया तहसील अंतर्गत बड़ागांव में धान खरीदी केंद्र बनाये जाने की मांग की है। साथ ही बताया कि प्रशासन द्वारा बड़ागांव से लगभग 30 किमी दूर बभनी गांव में धान खरीदी केंद्र बनाये जाने से किसानों में भारी आक्रोश है। यदि शीघ्र बड़ागांव में धान खरीदी केंद्र न बनाया गया तो नियत तारीख 21 दिसबंर को किसानों का सैलाब बड़ागांव मोड़ पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जायेगा।

## खनिज अधिकारी के संरक्षण में शहर के गली-कूचों में

# चल रहे रेत, गिट्टी के अवैध ठीहे

जिस तरह से खजिन माफिया प्रकृति की धरोहर का शोषण कर रहे है उसी प्रकार जिले में बैठे खनिज अधिकारी भी माफियाओं को दोहन कर रहे, ऐसा कहा जाये तो शायद गलत न होगा। माफियाओं की सेवा का ही परिणाम है कि शहर के गली-कूचों में जगह-जगह बालू और गिट्टी के अवैध फल-फूल रहे है। गिनती के चंद लोग ही है जो गिट्टी, बालू के भंडारण की लीज धारक है।



रीवा !

अधिकांश लोग तो ऐसे है जिन को खनिज अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है। और संरक्षण की बकायदा फीस खनिज अधिकारी के पास हर महीने जमा करते है जो शासन के खाते में न जाकर खजिन अधिकारी के बैंक खातों की शोभा बढ़ाते है। यदि हम विभाग की बात मानें तो रेत भंडारण के एक और गिट्टी के चार लीज धारक है, लेकिन शहर में निकल जाये तो चोरहटा, ट्रांसपोर्ट नगर से होते हुए समान, रतहरा और लोही तक खजिन माफियाओं ने बतौर ठीहे के रूप में अपना जाल बिछा रखा है। मजे की बात तो यह है कि नवागत खनिज अधिकारी ने जिले की कमान संभालते ही खनिज माफियाओं के बीच अपना रूतबा बनाते हुए कई प्रकरण दर्ज किये। लेकिन जो भी प्रकरण दर्ज हुए बताया जाता है कि वे खनिज माफियाओं के समुंदर में पल रहे छोटी मछलियों को जाल में फंसा कर ऊपर बैठे अधिकारियों से अपनी वाहवाही ले ली। वहीं दूसरी ओर विभागीय सूत्र बताते है कि खनिज माफियाओं के मगरमच्छों से नवागत खनिज अधिकारी ने विभाग में वर्षो से जमे मठाधीशों के माध्यम से हाथ मिला लिया है।

### सीधी, शहडोल तक के माफिया रीवा में कर रहे राज

आश्चर्य की बात तो यह है कि एक ओर जहां सीधी, शहडोल में खनिज माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन सख्त कार्रवाही करने पर उतारू है वहीं दूसरी ओर रीवा के जिम्मेवार अधिकारी सीधी-शहडोल के खनिज माफियाओं को पनाह दे रखी है। रतहरा, आरटीओ कार्यालय के सामने और लोही में सीधी, शहडोल के खनिज माफिया अपनी दुकानदारी कर रीवा में अपना राज चला रहे है। ऐसे लोगों पर कार्रवाही न करना कहीं न कहीं खनिज विभाग पर शंका पैदा करता है।

### शैलेंद्र सिंह बना है पुलिस का दलाल

जिले के लालगांव के पास बड़ोखर गांव का निवासी शैलेंद्र सिंह का नाम पुलिस विभाग और अवैध खनिज परिवहन करने वाले माफियाओं के बीच कोई अनजान नाम नहीं है। खनिज संपदा का अवैध रूप से परिवहन कर यूपी तक ले जाने वाले माफिया रास्ते में पडने वाले थानों को सेंटिग करने के लिए शैलेंद्र सिंह के आगे नत मस्तक होते है। शैलेंद्र सिंह पुलिस द्वारा पाला गया दलाल है यदि कहा जाये तो शायद गलत नहीं होगा। शहर से लेकर यूपी सीमा तक लगे ग्रामीण अंचल के थानों में शैलेंद्र सिंह का नाम थाना प्रभारी से लेकर सिपाही तक बड़े ही अदब से लेते है। पुलिस और दलाल शैलेंद्र सिंह के बीच कड़ी जोडने वाला भी कोई और नहीं पुलिस विभाग का ही पुलिसकर्मी राजेश मिश्रा है। दोनो की जोड़ी खनिज संपदा का अवैध रूप से परिवहन करने वाले माफियाओं से वसूली कर संबधित थाना में हर महीने चढ़ावा चढ़ाते है। जिनके कारनामों के साक्ष्य हाइवे में संचालित ढ़ाबों के रजिस्टर में आसानी से देखे जा सकते हैं।



## महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने ओढा एबीवीपी का गमछा

### एनएसयूआई ने जताई आपत्ति

**रीवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जो कि भारतीय जनता पार्टी का अनुवांशिक संगठन के कार्यक्रम में कई प्रोफेसर वा शिक्षक भी शामिल हुए साथ ही विद्यार्थी परिषद का पट्टा भी गले में डाला इस कार्यक्रम के फोटो वायरल होने के बाद एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में नेतृत्व में विरोध करते हुए रीवा कलेक्ट्रेट में कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक दल से जुड़े संगठन के कार्यक्रम में प्रोफेसरो के शामिल होने पर कोई आपत्ति नहीं है छात्रों की मांग पर वह शामिल होकर उत्साह वर्धन कर सकते हैं लेकिन जिस तरह से संगठन के सदस्य के रूप में इन प्रोफेसर्स ने गले में पट्टा डाला हुआ है आपत्तिजनक है क्योंकि कॉलेज में कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों की छात्र इकाइयों के प्रतिनिधि अध्यनरत हैं कन्या महाविद्यालय रीवा में भी एनएसयूआई और अन्य संगठनों की छात्राएं हैं उनके मन में इस तरह की कार्य प्रणाली से विपरीत असर होगा पंकज उपाध्याय ने कहा कि जिस तरह से प्राचार्य सहित वरिष्ठ प्रोफेसर ने एक दल से जुड़े संगठन का हिस्सा बनने का प्रयास किया उससे साबित होता है की दूसरी विचारधारा की छात्राओं के प्रति इनका रवैया सकारात्मक नहीं होगा एनएसयूआई अध्यक्ष ने कहा कि यह जो महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रस की शाखा चला रहे हैं और भाजपा का पत्ता डालकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं वह सतर्क हो जाए एनएसयूआई जल्द ही एक मोर्चा खोलकर इन सब के खिलाफ आंदोलन करेगी और कार्यवाही की मांग करेगी, ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा ,संगठन मंत्री एवं महाविद्यालय प्रभारी शिवम मिश्रा,संगठन मंत्री शशिमोल तिवारी, जिला महासचिव निकिता शर्मा, महासचिव गौरव पांडे,जिला प्रवक्ता सर्वेश शर्मा, विश्वविद्यालय एनएसयूआई प्रभारी देवेश शुक्ला, रोहित यादव, जिला सचिव मोहम्मद रहीस खान, टीआरएस इकाई उपाध्यक्ष अनुराग सिंह ,सचिव अंबिकेश द्विवेदी,महासचिव विमल पटेल, लॉ अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी, अभिषेक तिवारी,ब्लॉक अध्यक्ष वेद नारायण तिवारी,प्रयाग दूबे, आदि सैकड़ो की संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे !



## जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम को प्रदेश में उत्कृष्ट श्रेणी में लाने के सभी प्रयास हों - कलेक्टर

### कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों व अन्य अधिकारियों की बैठक में दिये निर्देश

**गत परीक्षा में कम प्रतिशत वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के दिये निर्देश**

**बैठक में अनुपस्थित व विद्यालय में अपेक्षित प्रगति न होने पर प्राचार्यों के निलंबन एवं अवैतनिक किये जाने के दिये निर्देश**



रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों, बीईओ, बीआरसी एवं सीएसी की बैठक में सख्त लहजे में निर्देश दिये कि जिले का बोर्ड परीक्षा का परिणाम प्रदेश में अनुपातिक तौर पर उत्कृष्ट श्रेणी में हो इसके लिये पूरी तन्मयता व गंभीरता से प्रयास किये जांय। विद्यालयों में नियमित कक्षाएं लगें, जरूरत होने पर शिक्षक अतिरिक्त कक्षाएं लें तथा रेमेडियल कक्षाओं के द्वारा भी बच्चों का शैक्षणिक स्तर सुधारे। उन्होंने आगाह किया कि अपेक्षित परिणाम नहीं आने पर संबंधित प्राचार्य के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अनुपस्थित बुड़वा एवं कन्या विद्यालय गंगेव के प्राचार्य को निलंबित करने तथा हायर सेकेण्डरी विद्यालय गंगेव, चौखण्ड़ी, पुरौना विद्यालयों के प्राचार्यों के वेतन रोकने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं में गत परीक्षा में कम प्रतिशत परिणाम वाले विद्यालयों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निदेश दिये कि सभी प्राचार्य इसे अपनी जिम्मेदारी मानें तथा परीक्षा परिणाम सुधार के लिये शैक्षणिक स्तर में सुधार के सभी उपाय करें। जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों का नियमित भ्रमण करें तथा यह देखें कि जिन विद्यालयों में शिक्षक कम हो तथा जिन विद्यालयों का परिणाम अपेक्षाकृत ठीक नहीं हो वहां अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था कर अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित करें। उन्होंने इस दौरान कहा कि हर बच्चे की मैपिंग करें तथा उनके अभिभावकों को भी नियमित तौर पर बच्चों के स्कूल भेजने के लिये प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थी की वन टू वन जानकारी रखें तथा कमजोर विषय के लिये बच्चों को अतिरिक्त प्रयास कर शैक्षणिक स्तर में सुधार करायें।

कलेक्टर ने ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी दो दिवस में देने तथा उनके लिये किये जाने वाले शिक्षा स्तर में सुधार के प्रयासों की भी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों व प्राचार्यों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि आगामी दो माहों में विद्यालयों में सिर्फ शैक्षणिक कार्य हो तथा अन्य गतिविधियों के लिये संलग्न शिक्षकों से शैक्षणिक कार्य ही कराया जाय।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने डिजिटल कक्षाओं के संचालन की बात कही। उन्होंने मऊगंज, नईगढ़ी एवं हनुमना विकासखण्ड अन्तर्गत विद्यालयों के परीक्षा परिणाम अच्छी स्थिति में न होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा जिला शिक्षा अधिकारी को इसमें विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कक्षा 12वीं सहित कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं के परीक्षा परिणाम को भी प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान में होने के लिये पूरी तत्परता से शैक्षणिक कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम अच्छी श्रेणी में आने के लिये प्राचार्यों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है इसके लिये वह अपनी पूरी लगन व मेहनत से काम करें। उन्होंने यू डाइस इंट्री न करने वाले प्राचार्यों के वेतन रोकने के निर्देश। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जीपी उपाध्याय, डीपीसी देवकरण मिश्रा सहित जिले के विद्यालयों के प्राचार्य, बीईओ, बी.आरसी, सीएसी उपस्थित रहे।

## पुराना डिपो के सामने ढ़ेकहा तिराहा एवं व्यंकट भवन के सामने कोठी कंपाउण्ड रीवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर सम्पन्न

रीवा।

शासन निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आयोजित कराये गये। पुराना डिपो के सामने ढेक़हा तिराहा में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एवं व्यंकट भवन के सामने कोठी कम्पाउण्ड में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के वंचित हितग्राहियों के आवेदन फार्म जमा कराये गये एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जनसमुदाय को जागरूक करते हुये जानकारी प्रदान की गई। शिविर मे शासन की योजनाओं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ,इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, कल्याणी योजना आदि के लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मंच से अपना अनुभव साझा करते हुये देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मान्नीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

नगर निगम के स्पीकर श्री व्यंकटेश पाण्डेय द्वारा कहा गया कि समाज के हर वर्ग का व्यक्ति सुदृढ़ व समृद्ध बनें, इस हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार ने अनेको योजनाए संचालित की है और इस कैम्प के माध्यम से अपने आवेदन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सभी पात्र व्यक्ति शिविर में अथवा संबंधित कार्यालय में अपना आवेदन देकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। शासन ने जनकल्याण हेतु कई योजनाएँ संचालित की है



चाहे वह आयुष्मान भारत योजना हो, उज्ज्वला योजना हो, मातृत्व वंदना योजना हो, पीएम स्वनिधि योजना हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो इस प्रकार की बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिला है जो छूट गये हैं उन्हें जोड़ने हेतु ही इस प्रकार के शिविर लगाये जा रहे है ताकि एक ही स्थान पर सभी योजनाओं के पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सकें। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज समापन हो रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य ऐसे हितग्राही जो पात्रता रखते हुये भी हितलाभ से वंचित रह गये है, उन्हें इन महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि रीवा शहर के लोगों ने बढ़-चढ़ कर शिविर में हिस्सा लिया एवं लाभ प्राप्त किया। शिविर मे एक बात और प्रशंसनीय रही कि हेल्थ कैम्प लगाये गये थे और लोगो ने फ्री में अपना चेकअप कराकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। उन्होनें शहरवासियों से अपील की शहर को साफ एवं स्वस्थ्य रखने का दायित्व केवल नगर निगम का नही है, बल्कि शहर के हर नागरिक का दायित्व है कि उनका शहर साफ एवं स्वस्थ्य रहे इस हेतु सभी का सहयोग आपेक्षित है। जैविक कचरे की खाद घर में ही तैयार करायें तथा यह प्रयास करें कि घर से कम से कम जैविक कचरा निकले यही कचरा नालियों को चोक करता है, जिससे गंदगी होती है। सभी नागरिक कचरे का पृथक्कीकरण घर में करें व अलग-अगल डस्टबिन मे रखकर कचरा गाड़ी में दें। सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेकें। शहर को साफ व स्वस्थ्य बनायें रखने में सहयोग करें।

शिविर में पीएम आवास के हितग्राही संगीता वर्मा, सीमा साकेत को आवास की चाभी सौपीं गई, पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत अमन विश्वकर्मा, प्रभाकर सिंह एवं संदीप पटेल को चेक प्रदान किया गया। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रन्नू यादव को हितलाभ प्रदान किया गया। इंदिरा गॉधी वृद्धा पेंशन योजना के तहत अशोक सोनी एवं वृजेन्द्र सोनी को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

शिविर में जोनल अधिकारी श्री एसके चतुर्वेदी, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी, नेता प्रतिमक्ष श्री दीनानाथ वर्मा, पार्षद श्री संजय खान, श्री दारा सिंह, श्री संजय सिंह संजू, कैप्टन श्री शालिकराम नापित, श्रीमती सपना अशोक वर्मा, श्रीमती सरस्वती नन्दलाल ताम्रकार, श्री अम्बुज रजक, पूर्व पार्षद श्री नीरज पटेल एवं श्री प्रदीप सिंह तथा सहायक यंत्री श्री अम्बरीश सिंह, उपयंत्री श्री हरेराम मिश्रा, श्रीमती पूर्वी अग्रवाल, श्री आशुतोष पाण्डेय, कु0 नमिता सोनी, राजस्व अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह, सिटी मिशन मैनेजर श्री अभिमन्यू सिंह, गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या मे हितग्राही उपस्थित रहे।



## महाविद्यालय में सुशासन और सुरक्षा में परिचर्चा का आयोजन

**मऊगंज ।** शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में विकसित भारत के संकल्प के अंतर्गत सुशासन एवं सुरक्षा विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया,यह कार्यक्रम म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन एवं महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ ।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. बी. आर. मौर्य के द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं फैकल्टी मेंबर शामिल हुए तथा विकसित भारत पर अपने विचार व्यक्त किए साथ ही सुझाव दिये । कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. बी. आर. मौर्य ने कहा कि भारत में चंद्रयान मिशन, कोरोना वैक्सीन, बुलेट ट्रेन, स्वच्छभारत अभियान जैसे कार्य करके आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है,भारत के नागरिकों को अपने कर्तव्यों का निर्वाहन ईमानदारी से करना होगा तभी भारत विकसित राष्ट्र बन पाएगा। समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के विषय विशेषज्ञ डॉ. एम.एन. द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्यूरोक्रेसी एवं राजनीति से वीआईपी कल्चर हटाना होगा तभी सुशासन एवं नागरिक सुरक्षा संभव है , राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आर.एन. पटेल ने कहा कि भारत को विकासशील देश की श्रेणी से विकसित देश की श्रेणी में आने के लिए भ्रष्टाचार पर प्रहार, सूचना का अधिकार, पारदर्शिता, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, लोगों के जीवन स्तर में सुधार आदि कार्य करना होगा,जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ.दिनेश प्रसाद पटेल ने भारत में बायोटेक्नोलॉजी के विकास पर चर्चा की,वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. एस. एन. पांडेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत एवं भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर जोर देना होगा,प्रो.उमेश कुमार सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत प्राचीन व्यवस्था के सुशासन को पुनर्जीवित करे तथा आज आधुनिक व्यवस्था में उसका अनुसरण करते हुए भारत को आगे बढ़ाये । छात्र गुलशेर अंसारी ने भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता, अपने कार्य के प्रति उत्तरदायित्व भारत को विकसित राष्ट्र बना सकता है। छात्र अनूप यादव ने टेक्नोलॉजी का विकास आत्मनिर्भरता चंद्रयान जैसे अनेक मिशन की आवश्यकता पर बल दिया । छात्र रविप्रकाश मिश्रा ने सीबीसी, लोक प्रशासन, सीबीआई, ईडी को मजबूत करना, जमीदारी प्रथा में कमी एवं उदारीकरण पर बल दिया ।